यूटीयू में दाखिले के लिए पंजीकरण कल से होंगे

देहरादून, वरिष्ठ संवाददाता। वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विवि के कैंपस कॉलेज और सभी संबद्ध संस्थानों में दाखिले की प्रक्रिया दस अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए ऑनलाइन प्रोविजनल रजिस्ट्रेशन करवाए जाएंगे। इसके बाद जून में ऑनलाइन काउंसलिंग की जाएगी। खास बात यह भी रहेगी कि इस साल सभी पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया जेईई की तर्ज पर ऑनलाइन काउंसलिंग से की जाएगी।

कुलपति प्रो. ओंकार सिंह ने सोमवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूटीयू 215 प्रकार के बीटेक पाठ्यक्रमों का संचालन कर रहा है। छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिएं सिंगल विंडो व्यवस्था के तहत प्रवेश प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी।



कुलपति प्रो. ओंकार सिंह। ● हिन्दुस्तान

- जून के महीने में होगी ऑनलाइन काउंसलिंग
- 215 प्रकार के बीटेक कोर्स हो रहे संचालित

उन्होंने यह भी बताया कि मूल्यांकन में पारदर्शिता के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। पूरी कॉपी का पुनः मूल्यांकन के लिए छात्रों को तीन हजार रुपये चुकाने होंगे। हालांकि, एक प्रश्न के पुनः मूल्यांकन के लिए छात्रों को कोई शुल्क नहीं देना होगा।